दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली | बुधवार 14 मई - 2025 ● वर्ष : 10 अंक : 144 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सफलता की मुस्कान



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मंगलवार को दसवीं एवं बारहवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के नतीजे सार्वजनिक हुए। नतीजों में गाजियाबाद के छात्र-छात्राओं ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से जिले का नाम रौशन किया। डीपीएसजी की होनहार छात्रा वृंदा अग्रवाल ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल एवं परिवार का भी रौशन किया। मेहनत के बाद मिली सफलता की मुस्कुराहट वृंदा के चेहरे पर साफ झलक रही है। आज इसी कड़ी में दैनिक करंट क्राइम दसवीं एवं बारहवीं के उत्तीर्ण छात्रों का रिजल्ट प्रकाशित कर रहा है। यह वह रिजल्ट है जो हमने मेल के माध्यम से छात्रों से प्राप्त किए हैं। सभी उत्तीर्ण छात्रों को बहुत-बहुत बधाई। रिजल्ट दूसरे एवं आठवें पेज पर प्रकाशित किए जा रहे हैं। शेष रिजल्ट 15 मई के अंक में प्रकाशित किए जाएंगे।

## आदमपुर में गरजे पीएम मोदी : 'सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित, फिर हमला हुआ तो देंगे मुंहतोड़ जवाब ...'



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आदमपुर एयरबेस का दौरा कर एयर वॉरियर्स से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने आदमपुर जाकर पाकिस्तान के झूठ का भी पदार्फाश किया है, क्योंकि यह वही एयरबेस है जिसे पाकिस्तान ने निशाना बनाने का झूठा दावा किया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि देश की सेनाओं ने अपने पराक्रम का शानदार परिचय दिया है और अब ऑपरेशन सिंदूर ही भारत का न्यू नॉर्मल है।

### भारत ने तय किए तीन सूत्र

पीएम मोदी ने कहा कि आतंक के खिलाफ भारत की लक्ष्मण रेखा अब एकदम साफ है। अब फिर कोई आतंकी हमला हुआ तो भारत जवाब देगा, पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि यह हमने सर्जिकल स्ट्राइक के समय देखा है, एयर स्ट्राइक के समय देखा है, और अब तो ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। उन्होंने कहा कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिया हैं।

**पहला-** अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ तो अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे।

**दूसरा-** कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा।

**तीसरा-** हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखते।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाने के बाद भारत ने अपनी सैन्य कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, अगर पाकिस्तान ने फिर से सैन्य दुस्साहस या आतंकी गतिविधि दिखाई तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। यह जवाब हम अपनी शर्तों पर देंगे। इस फैसले के पीछे का विश्वास आप सबका शौर्य, साहस और सजगता है। इस जज्बे को बरकरार रखते हुए हमें लगातार सजग रहना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भी भारत के इस नए रूप और व्यवस्था को समझते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक पल भारत की सेनाओं

विस्तृत खबर, पृष्ठ 7

## 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेटियों ने छुआ आसमान



नई दिल्ली। सीबीएसई ने बहुप्रतीक्षित कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जो भी छात्र इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 93.66% और 12वीं में 88.39% बच्चे पास हुए हैं।

**पिछले वर्ष की तुलना में पास प्रतिशत में हुई मामूली वृद्धि :** पिछले वर्ष कक्षा 10वीं में 93.60 फीसदी बच्चे पास हुए और इस वर्ष 93.66% पास हुए। इस प्रकार कक्षा 10वीं के उत्तीर्ण प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में 0.06% की वृद्धि देखी गई। वहीं, कक्षा 12वीं का परिणाम पिछले वर्ष 87.98% रहा था, जोकि इस बार 0.41% की वृद्धि के साथ इस बार 88.39% दर्ज हुआ है।

कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में छात्राओं का पास प्रतिशत छात्रों से अधिक दर्ज हुआ है। कक्षा 10वीं में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95 दर्ज हुआ और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.63% रहा। इस प्रकार लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 2.37% अधिक रहा।


## 12वीं में श्लोका उपाध्याय और 10वीं में भाविका ने किया गाजियाबाद टॉप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का बहुप्रतीक्षित रिजल्ट घोषित कर दिया। इस बार गाजियाबाद में 88.39% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। रिजल्ट की घोषणा होते ही गाजियाबाद के स्कूलों और घरों में खुशी की लहर दौड़ गई। खासकर गाजियाबाद की बेटियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। सीबीएसई 12वीं में गाजियाबाद की श्लोका उपाध्याय ने 99.8 अंक पाएं हैं। तो जयपुरिया स्कूल की निशिका भंडारी और सेंट टेरेसा स्कूल की रूपसा ने 99.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। तो वहीं एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 6 की छात्रा सिया मखीजा ने 99.02 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ठाकुरद्वारा में सीबीएसई बोर्ड के नतीजे आने के बाद छात्राएं जश्न मनाती हुई दिखीं। गाजियाबाद के गुरुकुल द स्कूल की दो छात्राओं-प्रियंवदा त्यागी और रितिका सिंह-ने 99.6% अंकों के साथ जिला टॉप कर सभी का दिल जीत लिया। प्रियंवदा ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में यह शानदार उपलब्धि हासिल की, जबकि रितिका ने साइंस स्ट्रीम में 99.6% अंक प्राप्त किए। दोनों छात्राओं ने न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे गाजियाबाद का मान बढ़ाया। वहीं कक्षा 10 का रिजल्ट भी जारी कर दिया। हालांकि स्कूलों में साइट में प्रॉब्लम के चलते रिजल्ट देखने में छात्रों को परेशानी आई। रियान इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद की निमिषा सिंह ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह 7 घंटे नियमित पढ़ती थीं।

निमिषा ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है। जिले में 15 हजार छात्र छात्राओं ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। गुलमोहर एंक्लेव सोसायटी निवासी तमोनाश नायक ने 10 वीं में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। तमोनाश के पिता तपन नायक पेशे से डॉक्टर हैं।

## आतंकवादी अड्डे नष्ट किये, आतंकवादियों को मारा, सरकार का उद्देश्य पूरा हुआ : अतुल गर्ग




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारत - पाकिस्तान के बीच सीज फायर हो गया है और भारत ने भी ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोकने की बात कही है। सीज फायर को लेकर देश में चचाएं हैं और गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सीज फायर को लेकर क्या विचार हैं यह जानने के लिये करंट क्राइम ने उनसे बात की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युद्ध की बात बाद में आई है पहले हमने घोषणा आतंकवादियों को मारने की और हमने सीमा के उस पार छिपे आतंकवादियों को उनके गढ़ में घुसकर मारा। पहले हमारे नागरिकों पर पहलगाम हमला हुआ और फिर हमारी सेना ने इस हमले का जवाब दिया। उन्होंने हमला किया तो हमने भी इस चुनौती को स्वीकारा और आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा। पाकिस्तान खुद स्वीकार कर रहा है कि भारतीय सेना के हमलों में उसके लोग मारे गए, उनके नौ सैन्य ठिकाने बर्बाद हुए। सीज फायर को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सरकार ने आतंकवादी अड्डे नष्ट किये, आतंकवादियों को मारा, सरकार का उद्देष्य पूरा हुआ। भारतीय सेना ने पाक हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युद्ध के पक्ष में भारत ना पहले था ना अब है। उन्होने कहा कि हमने अपनी शर्तें पूरे विश्व के सामने रखी हैं और सीज फायर भी ऐसे नहीं हुआ है, युद्ध विराम भी भारत ने तब किया है जब पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने युद्ध रोकने की रिक्वेस्ट की। भारत को अपने नागरिकों की हत्या का बदला लेना था, वो उसने आतंकवादियों की हत्या कर लिया। भारत अब भी अपने पक्ष पर अडिग है। पानी की कोई शर्त नहीं मानी है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट को लेकर कहा कि यह कोई निर्देश नहीं था। भारत अपने आंतरिक मामलों को सुलझाने में सक्षम है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने ट्वीट के जरिये अपनी बात रखी थी और कोई भी अपनी बात रखने के लिये स्वतंत्र हैं।

## बीट पुलिसिंग की वर्किंग ही बनेगी कमिश्नरेट पुलिस की रैंकिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ बीट पुलिसिंग के जरिए गाजियाबाद पुलिसिंग की रैंकिंग सुधारने और शासन स्तर पर आंके जाने वाली रेटिंग को लेकर गंभीर हो गए हैं। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीट पुलिसिंग व्यवस्था की स्थापना की गई थी। जिसके तहत 2096 पुलिसकर्मियों को तीनों जोन की अलग-अलग बीट का जिम्मा दिया गया है। बीते दिनों पुलिस अधिकारियों की बैठक के बाद सामने निकल कर आया है कि अब प्रत्येक बीट कांस्टेबल की वर्किंग से ही उसे थाने और जोन की रैंकिंग का आंकलन किया जाएगा। जानकारी मिली है की बीट कांस्टेबल के पास पासपोर्ट को छोड़ अन्य सभी वेरीफिकेशन का काम रहेगा। वह चरित्र प्रमाण पत्र से लेकर किराएदार का सत्यापन और गुंडा, बदमाशों और गैंगस्टर की लिस्ट तैयार करने से लेकर संभ्रात लोगों और प्रमुख लोगों का फेस पहचान का काम करेगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ का कहना है की बीट पुलिसिंग व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, क्राइम उतना ही कंट्रोल होगा और आमजन को अधिक सहूलियत मिलेगी।



### तमाम वेरीफिकेशन का जिम्मा संभालेंगे बीट कांस्टेबल



### बीट कांस्टेबल को दिया जा रहा है स्पेशल नंबर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक बीट कांस्टेबल को एक नंबर अलॉट किया जा रहा है। जिसमें उसकी बुक के भीतर तमाम महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज होगी। साथ ही बीट कांस्टेबल के पास बदमाशों से लेकर प्रमुख लोगों का पूरा रिकॉर्ड भी होगा। पुलिस कमिश्नर का मकसद है की बीट पुलिस व्यवस्था मजबूत कर मोहल्ले और इलाकों में होने वाले अपराध पर अंकुश लगाया जाए। साथ ही पुलिस की छवि मोहल्ले और इलाकों से बेहतर बनाई जाए ताकि अधिकारियों के सामने पुलिसकर्मियों की गुड न्यूज अधिक पहुंचे।

### फीडबैक से होगा बीट ऑफिसर्स की वर्किंग का आकलन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है की बीट ऑफिसर्स का काम ही उनका फीडबैक होगा। उनके द्वारा जो बेहतर काम किया जाएगा, उससे उनकी वर्किंग का टेस्ट होगा। बता दें कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा बीते दिनों बीट पुलिसिंग और सिटिजन चार्टर सुविधा का शुभारंभ किया गया था। जो अब धीरे-धीरे अमल में आनी शुरू हो रही है और उसपर पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी पूरी मेहनत से काम कर रहे हैं।

### कमिश्नर खुद संभाल रहे हैं बीट पुलिसिंग का प्लान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार अलग-अलग जोन के डीसीपी, एसीपी के साथ बीट कांस्टेबल्स को लेकर बैठकर कर रहे हैं। साथ ही डीसीपी और एसीपी निर्देश दे रहे हैं कि किस तरीके से प्रत्येक बीट कांस्टेबल को अपना काम करना है। किस तरीके की लापरवाहियां उन्हें नहीं करनी है और प्रत्येक काम को करने के लिए एक तय सीमा निर्धारित की गई है ताकि आमजन को परेशानी ना हो। लोगों का काम तय समय पर हो और उन्हें पुलिस थाने, चौकी और पुलिस कर्मियों के चक्कर ना काटने पड़े। इसके लिए खुद पुलिस कमिश्नर लगातार अलग-अलग जोन के साथ बीट पुलिसिंग व्यवस्था और बीट ऑफिसर्स की मीटिंग भी ले रहे हैं।

## मेरठ मंडल के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन छात्रों को मिल रहा है पूरा साथ पढ़ाई और प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपए

### स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा, सरकार संवार रही है छात्र-छात्राओं का भविष्य





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में मेरठ मंडल की विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक जल निगम गेस्ट आउट विजयनगर में हुई।

मगंलवार को गाजियाबाद में बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 को लेकर जानकारी ली और कहा है कि पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोटे वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उनका भविष्य बेहतर हो ,इसके लिए अधिकारी हर तरीके के प्रयास करें। बैठक में उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग शरद श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभन्न योजनाएं बेहतर रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि गाजियाबाद के 611 छात्र-छात्राओं को 13 लाख 12000 रुपए और मेरठ मंडल में कुल 12652 छात्र-छात्राओं को 2 करोड़ 73 लाख की धनराशि देकर लाभान्वित किया गया है।

### प्रोफेशनल कोर्सों के लिए भी सरकार ने खोला है खजाना

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति के अंतर्गत उच्च कक्षाओं और प्रोफेशनल कोर्सेज में अध्ययन करने के लिए छात्र-छात्राओं को जनपद गाजियाबाद में कुल 9033 छात्राओं को 37 करोड़ 41 लाख रुपए और मेरठ मंडल में 54 लाख 54583 छात्रों को कुल 153 करोड़ 14 लाख छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के तौर पर दिए गए हैं।

### शादी अनुदान योजना का भी मिला लाभ

करंट क्राइम : पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना अंतर्गत मेरठ मंडल में 2626 लाभार्थियों को 5 करोड़ 25 लाख रुपए वितरित किए गए हैं। जिसमें गाजियाबाद जनपद में 148 लाभार्थियों को 29 लाख 60000 रुपए वितरित किया गया है। इसी प्रकार कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत मेरठ मंडल में 548 छात्राओं को प्रशिक्षण कराया गया है।

### दिव्यांगजनों को 70 करोड़ से अधिक रुपए दिए गए

करंट क्राइम : पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया है की उपनिदेशक दिव्यांगजन मेरठ मंडल द्वारा जानकारी दी गई है कि दिव्यांगजन विभाग की ओर से मेरठ मंडल में कुल 5865 लाभार्थियों को लगभग 70 करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की गई है। जिसमें 7653 लाभार्थी जनपद गाजियाबाद के हैं। जिसमें कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत मेरठ मंडल में 1072 लाभार्थियों को 85 लाख, 3000 रुपये की धनराशि से लाभांवित किया गया है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कई अन्य योजनाओं के तहत भी इन्हें लाभान्वित कराया गया है।

# दैनिक करंट क्राइम से होनहारों ने किया अपना बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट साझा

**अभिषेक शर्मा**
अंक 90 प्रतिशत
कक्षा 12
वीकेवी कमला नेहरू नगर गाजियाबाद

करंट क्राइम

**अक्षिता सोनी**
स्कूल : एपीजे स्कूल नोएडा
अंक 98 प्रतिशत

करंट क्राइम

**आर्यन कौशिक**
पिता बृजपाल शर्मा
अंक 90 प्रतिशत
कक्षा 12
शिवाय स्कूल मटियाला

करंट क्राइम

**यशिका सिंह**
कक्षा 10वीं
अंक-...
प्रयाग स्कूल, ग्रेटर नोएडा

करंट क्राइम

**मौ. उजैर चौधरी**
कक्षा 12
प्रतिशत 83

करंट क्राइम

**अवांग गर्ग**
कक्षा 12वीं
बिरला विद्या मंदिर नैनीताल

करंट क्राइम

**निमिशा**
कक्षा - 10
अंक - 90.15 प्रतिशत

करंट क्राइम

**उत्कर्ष जिंदल**
कक्षा -
अंक 88.2%
स्कूल नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद

करंट क्राइम

**ईला त्यागी**
कक्षा - 12
अंक 98%
नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद

करंट क्राइम

**Anshika sangwan**
class 10th
Result : 75%
Ghaziabad public school dhuai


**नाम क्षितिज कुमार**
कक्षा 12
अंक 98.2%
स्कूल : डॉ. संतोष सरस्वती विद्या मंदिर, राजनगर

करंट क्राइम

**ध्रुव शर्मा**
कक्षा : 10
अंक : 97%
सेंट टेरेसा स्कूल, इंदिरापुरम

करंट क्राइम

## एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के 12वीं के नतीजों में काव्या शर्मा ने किया कमाल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सीबीएसई कक्षा 12वीं के नतीजों में काव्या शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट के नतीजों में 12 वीं कक्षा की छात्रा काव्या शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक पाकर पहली रेंक हासिल की है। काव्या ने योगा में 100, एआई में 99, हिस्ट्री में 99 और पॉलिटिकल साइंस में 98 अंक प्राप्त किए। काव्या हर्ष विहार दिल्ली में रहती है। वहीं शुभम विधान ने 98.5 अंक लाकर दूसरा और आन्या चौधरी ने 98 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान पाया है। इनके अलावा फिजा चौधरी, पलक कौशिक, उज्वल शर्मा, रिशांत लहरी, आलिमा सलीम, सिया चौधरी आदि ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओ को स्कूल प्रबन्धक एवं अन्य टीचर्स ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है।

करंट क्राइम

**चौधरी विक्रांत चंदेल**
अंक -
कक्षा 10
डीएवी स्कूल साहिबाबाद राजेंद्र नगर

करंट क्राइम

**अबान उस्मानी**
कक्षा दसवीं
अंक -
स्कूल सेंट जॉर्जस स्कूल, अलनंदा, नई दिल्ली

करंट क्राइम

**अयान गोयल**
कक्षा 12
अंक 85%

करंट क्राइम

**नाम हर्षित वैद्य**
कक्षा 12
अंक - 91 प्रतिशत
स्कूल दिल्ली पब्लि स्कूल इंदिरापुरम

करंट क्राइम

**नाम अर्पिता सिंह**
कक्षा 12
अंक -
स्कूल मिल्टन एकादमी करहेडा, मोहन नगर, गाजियाबाद

करंट क्राइम

**नाम रोनित वर्मा**
कक्षा 12
अंक पास
नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल, पहाड़गंज, नई दिल्ली

करंट क्राइम

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई में अपूर्व सफलता हासिल की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी०बी०एस०ई० का बारहवीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। नेहरू वर्ल्ड स्कूल का परिणाम बेहद सुखद व शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कला वर्ग में अंशवी एवं रिद्धिमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में हार्दिक मित्तल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में दिव्यांशी श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 148 विद्यार्थियों में से कुल 78 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल को सम्मानित किया। स्कूल का औसत परीक्षाफल 90% रहा।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों ने रिजल्ट में मारी बाजी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 12वीं तथा 10वीं के विद्यार्थियों ने वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने सभी संकायों विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

12वीं की छात्रा सानिया यादव ने 97% गिरीशा त्यागी ने 94% एकलव्य खन्ना ने 92% आस्था त्यागी ने 92% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही दसवीं क्लास के छात्र विराट चौधरी ने 97% दिव्य राज शर्मा ने 95% पहल वर्मा ने 94% मानवी ने 94% प्रियांशु ने 93% समृद्धि ने 93% अंक हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

स्कूल की प्रधानाचार्य रतना त्यागी ने सभी विद्यार्थियों 12वीं एवं 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर प्रगति करने हेतु आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

# सीएसएवपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल प्रताप विहार गाजियाबाद, बारहवीं एवं दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। विज्ञान संकाय में इंदु शर्मा 96.7% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। वाणिज्य विभाग के संस्कार गर्ग ने 96% अंकों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज संकाय की सानवी शर्मा 96% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। दसवीं कक्षा में भी प्रथम स्थान पर रहे अंशुमन शर्मा ने 96.7%अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर खुशी बिष्ट रहीं, जिन्होंने 95% अंक हासिल किए। 93% अंकों के साथ वंशिका ने तृतीय स्थान पर अपनी पकड़ बनाई। विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों ने विभिन्न विषयों में व्यक्तिगत रूप से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिणाम को देखकर विद्यालय निर्देशिका सविता गुप्ता अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। विद्यालय प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने कहा कि बोर्ड की परीक्षाओं में हमारे छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से हम अत्यंत प्रसन्न हैं।

# नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर साहिबाबाद के छात्रों ने लहराया परचम



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सीबीएसई में 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं और उसमें नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी जहां न केवल 100% रिजल्ट रहा दूसरी तरफ हर छात्र छात्रा ने अलग-अलग विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए। अगर 12वीं कक्षा की बात करें तो उसमें साइंस स्ट्रीम में सृष्टि त्यागी ने 97% तन में अग्रवाल 93% और जानवी अग्रवाल 87% लेकर पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे वही कॉमर्स में निलांशी 92% प्राची शर्मा 89.75% लव 81% मार्क्स लेकर पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर है। ह्यूमैनिटीज में लड़कियों ने बाजी मारी मानसी विश्नोई 91% मोहम्मद शांत सिद्दीकी 88.75% निश्चय 87.75% लेकर पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे इसके साथ-साथ दसवीं में आशीष वर्मा 97.67% आरव गुप्ता 96.67% पंखुड़ी कंसर्न 96.33% लेकर पहले दूसरे तीसरे नंबर पर रहे जबकि वैभव गोयल ने 96% और रूचि अग्रवाल ने 94.17% लेकर अपनी वारदात बनाए रखी यह केवल नंबर है और अगर एक रिजल्ट दिया जाए तो ओवरऑल हंड्रेड परसेंट रिजल्ट रहा प्रधानाचार्य श्रीमती रीना शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और वही विद्यालय के अध्यक्ष श्री शांतनु शर्मा ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि मेहनत और लगन से हर मुश्किल आसान होती है।

## अभिनंदन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों द्वारा नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त धवन जायसवाल का स्वागत किया गया और व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, सोनू, सैनी, दुष्यंत गुप्ता, विकास शर्मा, अनवर कुरैशी, जगमोहन जॉन, दिनेश सिसोदिया आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



SAUMYA BHARDWAJ (Biology Topper - 97.25)
MAYANK KUMAR (Commerce Topper - 96.5%)
GAURISHA (School Topper & Humanities Topper-99%)
AKSHITA VERMA (Humanities- 98.0%
AADI GUPTA (PCM Topper-97.75%
VRITEE BHARDWAJ (Humanities- 98.0%

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने सभी संकायों विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। गौरीशा ने 99% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वृत्ति भारद्वाज तथा अक्षिता वर्मा ने 98% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता ने 97.75% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गौरीशा ने 99% अंक लाकर कला संकाय में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर सबको गौरान्वित किया। मयंक कुमार ने 96.5% अंक लाकर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदि गुप्ता ने भौतिकी रसायन-गणित शाखा में 97.75% अंक लाकर एवं सौम्य भारद्वाज ने भौतिकी रसायन-जीवविज्ञान शाखा 97.25% अंक लाकर (विज्ञान संकाय) में प्रथम स्थान प्राप्त करके सभी को गौरान्वित किया। आदि गुप्ता, रिधिमा बलियान, कौस्तुभि वर्मा एवं आर्यन नागर ने अंग्रेजी में, गौरीशा ने राजनीति शास्त्र में, वृत्ति भारद्वाज, आन्या अग्रवाल एवं अर्पिता बंसल ने मनोविज्ञान में, ऋषभ यादव ने लेखा में, कनिष्का जयंत ने पेंटिंग में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कुल विद्यार्थियों में से 6.64% ने 95% से अधिक, 18.96% ने 90% से अधिक, 32.23% ने 85% से अधिक, 60.66% ने 75% से अधिक तथा 88.15% विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किए। शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए, विद्यालय ने सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा में 100% उत्तीर्णता दर दर्ज की। विद्यालय के चेयरमैन सुभाष जैन ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के वाइस चेयरमैन नमन जैन ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० गीता जोशी ने परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे विद्यार्थियों ने निरंतर परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जिला अस्पताल, गाजियाबाद (एमएमजी हॉस्पिटल) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गाज़ियाबाद डॉ.अखिलेश मोहन तथा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ.राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने वार्डों, शौचालयों और औषधि भंडारण सहित अन्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल में कई जर्जर दीवारें हैं, कहीं साफ-सफाई का अभाव है कहीं स्टोर में कई खराब उपकरण रखे हुए हैं। इसके साथ ही अस्पताल के वाहन सहित अन्य सामान भी निष्प्रोज्य स्थिति में हैं, जो कि अस्पताल की स्वच्छता में दाग लगाने का कार्य कर रहे हैं तथा व्यर्थ में ही स्थान घेरा हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाएं और निष्प्रोज्य समानों/वाहनों को नियमानुसार विक्रय किया जाये। इसके साथ ही वितरित किये जाने वाले सामानों को संबंधित को वितरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई रखते हुए सभी कबाड़ को हटाया जाए और जर्जर दीवारें की मरम्मत की जाए। जिलाधिकारी द्वारा रजिस्टर की भी जांच की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा मरीजों से भी वार्ता की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जिला अस्पताल में नवनिर्मित बिल्डिंग में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय अंतराल पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 12वीं के छात्र अयान गोयल ने महज12 साल की उम्र में पास की सीबीएसई की परीक्षा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जेपी ग्रींस सोसायटी के अयान गोयल ने 12 साल की उम्र में 12वीं की परीक्षा 85 फीसदी अंकों पास कर इतिहास रचा है। वह अब तक नोएडा के 12वीं की परीक्षा में बैठने वाले सबसे कम उम्र के छात्र हैं। उनके पिता मनोज गुप्ता पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। लेकिन अयान गोयल ने ये करिश्मा 12 साल की उम्र में कर दिखाया। यह जानकारी वार्ड 97 के पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने उन्होंने कहा कि अयान गोयल मेरे नाती हैं, 12 साल की उम्र में 12वीं क्लास की परीक्षा में 85% मिले हैं । जब इन्होंने दसवीं की परीक्षा दी थी तो नोएडा के डीएम घर पर जाकर बधाई दी थी।

## पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने मंगलवार को सेक्टर 3, सेक्टर 1 में 3 पार्कों के विकास कार्यों का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जिससे लोगों को अच्छे पार्क और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें इसमें नेतृत्व के लिए महापौर, नगरायुक्त का बहुत आभार व्यक्त करते हें। जिन्होंने वार्ड के पार्कों का विकास कराया। उन्होंने कहा आज पार्षद बने हुए 2 साल हो गए हैं मेरा प्रयास यही है कि हर गली-मोहल्ले में विकास के कार्य होते रहें। इस अवसर पर राम प्रताप यादव, एसके सिंह, पंकज त्यागी, बी एन जोशी, मयंक त्यागी, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों संग की बैठक

# पुलिस कमिश्नर से कहा, साइबर क्राइम पर हो अधिक फोकस और जाम मुक्त बने प्लान

### - विकास कार्यों को लेकर निगम और जिलाधिकारी से भी की वार्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप जो कि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रभारी हैं।

उन्होंने गाजियाबाद के अधिकारियों के साथ विजयनगर प्रताप विहार स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में बैठक ली। यह पहला मौका था जब उन्होंने पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों को बैठक में शामिल किया। बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ से मुलाकात की। तो वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर नगर आयुक्त और आरटीओ को भी विकास कार्यों और अन्य प्रमुख दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद में विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहनी चाहिए।

साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो ट्रेवल्स नीति का पालन किया जाए। वहीं उन्होंने पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ से साइबर क्राइम पर अधिक फोकस करने और उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात की है। साथ ही जाम मुक्त गाजियाबाद बनाने के लिए प्लान बनाने और उनकी मदद कि जहां आवश्यकता हो उनका सहयोग लेने के लिए भी कहा है।

### नरेंद्र कश्यप ने कहा, जाम को लेकर बने पूरा प्लान, अगर आवश्यकता है तो सड़क का भेजें प्रपोजल

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ से इस बैठक में कहा है कि लाल कुआं और एनएच जहां पर भी जाम की अधिक समस्या है, वहां अगर नई सड़क के बनाने की आवश्यकता है, तो उसके लिए पूरा प्रपोजल भेजा जाए ताकि संबंधित विभागों से पत्राचार कर लोगों को आने वाली जाम की परेशानी को दूर करने के प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर इसे प्रमुखता से आगे भी जारी रखने का निर्देश दिया है। दरसअल पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद ने जाम की स्थिति को लेकर सुधार के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। तो वहीं ऑटो और ई रिक्शा के जरिए हादसे न हो, आगे बैठने वाली सवारी वाले वाहनों पर कार्रवाई हो रही है। वहीं पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में बिना हेलमेट के प्रवेश करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी रोक लगाई जा रही है। उनके चालान करने का भी आदेश दिया जा चुका है। साथ ही आदेश माना जाए इसके लिए कई स्थानों पर बोर्ड और पोस्ट भी लगाए गए हैं।

### क्राइम पर रहे जीरो टॉलरेंस की नीति और साइबर क्राइम पीड़ितों को मिले जल्द न्याय

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और पिछड़ा वर्ग कल्याण में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर स्थित जल निगम गेस्ट हाउस में बातचीत करते हुए पुलिस कमिश्नर से कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध करने वाले बदमाशों का खात्मा हो। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को फ्री हैंड रहने का सुझाव दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार से इन दिनों साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, साइबर पीड़ितों को मदद मिले और उनको थानों और पुलिस के चक्कर न लगाने पड़े। इसके लिए भी जल्द ही कोई बेहतर प्रयास शुरू किया जाए। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर द्वारा बीट पुलिसिंग व्यवस्था और पुलिस पुलिस के द्वारा थाने में बच्चों को ट्रॉफी और पुलिसकर्मियों की भाषा शैली सुधारने को लेकर जो अभियान चलाया है, इस पर भी बातचीत की।

### विकास कार्यों की रफ्तार जारी रहे, बेहतर हो विकास कार्य

करंट क्राइम : मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अन्य विभागों के अधिकारियों से भी वातार्लाप की है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और जीडीए के अधिकारियों से कहा है कि विकास की रफ्तार लगातार जारी रहनी चाहिए, जो भी बेहतर काम कराए जा रहे हैं, वह समय पर हो और जनता को उसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अधिकारियों को सीधे उनसे वातार्लाप करने का भी निर्देश दिया है।

### अधिकारी करें जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जल निगम स्थित गेस्ट हाउस में बैठक के दौरान अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि वह जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार विकास और सबका साथ, सबका सम्मान और सबमें विश्वास की बात करती है, यह अधिकारियों के स्तर से भी किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने शहर में गंदगी, सफाई, पेयजल और विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर भी अधिकारियों से अपडेट लिया है।

# करंट एनालिसिस



## स्व. देशराज देशी की शोक सभा में बालेश्वर त्यागी की सलाह

## मेरा..मेरा छोड़कर हो पुराने कार्यकर्ताओं का भला



**दीपक भाटी**
समाचार संपादक

देशराज देशी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता थे। बीते दिनों उनका निधन हो गया था और उनके निधन पर भाजपा के जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उन्हें पार्टी का ध्वज ओढ़ाया और सम्मान दिया। मंगलवार को स्व. देशराज देशी की श्रद्धांजलि सभा थी। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि देने के लिये भाजपा के विधायक पहुंचे। एक कार्यकर्ता को लेकर सभी ने अपनी भावनाएं रखीं। देशराज देशी संगठन में कई दायित्वों पर रहे थे और फिर उन्होंने बढ़ती आयु के साथ खुद को भले ही सक्रिय राजनीति में सीमित कर दिया, लेकिन वो अपने मूल कार्यकर्ता वाले पद पर अंतिम दम तक रहे, पार्टी के प्रति समर्पित रहे और भाजपा का कार्यकर्ता अपनी अंतिम यात्रा पर भी भाजपा का ध्वज ओढ़कर ही निकला। भाजपा कार्यकर्ता देशराज देशी मूल कार्यकर्ता थे और उनकी श्रद्धांजलि सभा में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिये लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजित पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता पहुंचे। ये इस बात का संदेश था कि देशराज देशी ने भाजपा की राजनीति में अपने व्यवहार से रिश्ते बनाएं और बड़ी बात ये थी कि देशराज देशी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा के नेताओं ने अपने संस्मरण साझा किया और बताया कि वो किस तरह आत्मीय व्यवहार रखते थे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका व्यवहार किस तरह से आत्मीय था। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने भी अपने संस्मरण साझा किये और कहा कि वो हमेशा पारिवारिक सदस्य की तरह बात करते थे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने तो उनके निधन से कुछ दिन पहले ही उनके साथ फोटो ली थी और अपनी पोस्ट शेयर की थी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी देशराज देशी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जब मैं महानगर अध्यक्ष बनने के बाद उनके घर पर उनका आशीर्वाद लेने गया तो उन्होंने कहा कि वहीं रुको और पहले सरसों के तेल का दीपक जलाया और नजर उतारी। कहा कि मूल कार्यकर्ता भाजपा का अध्यक्ष बना है। ये रिश्ते देशराज देशी ने बनाए थे। सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा कार्यकर्ता देशराज देशी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजनीति में उनकी खास बात ये थी कि वो व्यवहार से लेकर शब्दों तक एकदम स्पष्ट और खरे थे। इसी तरह कई पुराने भाजपा नेताओं ने भी अपने संस्मरण साझा किये। राजनीति में कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके शब्दों में बनावट नहीं होती और वो खरी बात कहते हैं। ये अलग बात है कि उनकी खरी बात कई बार कईयों को बुरी लग जाती है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के शब्दों ने यहां सबका ध्यान खींचा। बालेश्वर ने एक बड़ा सवाल उठाया और कहा कि देशराज देशी के निधन पर शोक व्यक्त करने सभी आए हैं। वो भाजपा के मूल कार्यकर्ता थे, लेकिन सवाल ये है कि अपने मूल कार्यकर्ता को भाजपा ने क्या दिया। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के शब्दों का सार ये था कि आज पार्टी बड़ी हो गई, कुनबा विस्तार भी हो गया और सरकार भी आ गई, लेकिन पुराने कार्यकताओं का क्या हाल है।



समय के साथ पुराना कार्यकर्ता अब उम्रदराज हो रहा है। पुराने कार्यकर्ता को अंत समय में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सम्मान दिया, लेकिन बालेश्वर ने कहा कि यदि कार्यकर्ता को कुछ मिल जाता तो सम्मान के मायने अलग होते। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की उम्र बढ़ रही है, लेकिन पार्टी में उसकी फिक्र भी बढ़नी चाहिए। जब पुराने कार्यकर्ता को कुछ मिल ही नहीं रहा तो फिर वरिष्ठता के क्या मायने हैं। बालेश्वर त्यागी भाजपा के एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने सरकार से लेकर संगठन देखा है। वो भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं, सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे हैं, बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं और व्यापार कर मंत्री रहे हैं। वो माइक पर हों, या फेसबुक पर हों, उनके शब्द सीधे स्पष्ट होते हैं और अगर बात तार्किक है तो वो आलोचना के घेरे में खुद को भी ले लेते हैं। बालेश्वर त्यागी ने सही मायनों में कार्यकर्ता के सम्मान की बात को उठाया। मुद्दा ये नहीं था कि कुछ मिल जाता, मुद्दा ये था कि कार्यकर्ता पुराना है, समर्पित है तो राजनीति में कुछ ना कुछ सम्मानजनक ऐसे कार्यकर्ता को भी मिल जाता बेहतर रहता। उन्होंने कहा कि पार्टी ने भी अगर यही रहेगा कि अगर मेरा हो सिर्फ मेरा ही हो तो फिर कार्यकताओं को सम्मान कौन दिलाएगा। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा भी कि वैसे तो ये विषय शोकसभा में कहने का नहीं है, लेकिन मैं इसलिये कह रहा हूं क्योंकि ये कहानी यही नहीं रुकेगी, आगे भी कार्यकर्ता हैं और अगर सिर्फ मेरा और मेरा होता रहेगा तो हमसे कार्यकर्ता छूट जाएंगे।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के इन शब्दों में आज की राजनीति का सार छिपा है। उन्होंने मंच से जो बात कही वो वास्तव में सारगर्भित है। एक दौर था जब नेता अपने कार्यकर्ता के लिये अड़ जाते थे, बड़े दरबारों में लड़ जाते थे, लेकिन आज नेता अपने विषय को रखते हैं, अपनी दावेदारी को रखते हैं। कार्यकर्ता की मौत पर शोक जताना, श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करना अच्छी बात है, अच्छी परंपरा है, लेकिन कार्यकर्ता के लिये जब वो जिंदा हो तब उसके हक के लिये लड़ना, उसके सम्मान के लिये अड़ना उससे भी अच्छी बात है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भाजपा के उन पुराने कार्यकताओं में हैं जिन्होंने कार्यकर्ता से लेकर मंत्रालय का सफर तय किया है। राजनीति में उनकी सादगी और उनकी ईमानदारी के उदाहरण दिये जाते हैं। एक ऐसे मंत्री जिन्होंने कभी सरकार से एक रुपए जेब खर्च नहीं लिया। सादा-सरल अनुशासित जीवन है और तीन-तीन मंत्रालय संभालने के बाद भी, सरकार में रहने के बाद भी एक ऐसे व्यक्तित्व जो आज भी बिना कार के चलते हैं। राजनीति में अगर ऐसे पुरोधा ने मंच से कार्यकर्ता के हक की बात उठाई है तो उनकी इस बात को अब उन नेताओं को आत्मसात करना होगा जो फिलहाल सत्ता पर आसीन हैं और वो कार्यकर्ता के लिये कह सकते हैं और उन्हें मौका आने पर ऐसा करना भी चाहिए।

# चुनाव से छह महीने पहले समाजवादी पार्टी कर देगी उम्मीदवारों के नाम घोषित

## चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति, मगर नहीं दिखाई दे रहे उसके दावेदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी लगातार विपक्षी तेवरों के साथ है। वो सियासत में अपनी योजनाओं के साथ आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ये ऐलान कर दिया है कि समाजवादी पार्टी अपने टिकटों को चुनाव के समय घोषित नहीं करेगी। वो चुनाव से छह महीने पहले अपने टिकट घोषित कर देगी। पार्टी की रणनीति ये है कि इससे उम्मीदवारों को क्षेत्र में जाने का समय मिलेगा। अपनी नीति और रणनीति दोनों पर काम करने का समय मिलेगा। भाजपा पहले से 2027 की चुनावी तैयारियों को लेकर अभी से चल रही है। समाजवादी पार्टी भी अब अपने चुनावी तेवरों के साथ आ रही है। उसके राष्ट्रीय मुखिया ने कमान संभाली है, लेकिन गाजियाबाद की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी के दावेदार दिखाई भी नहीं दे रहे हैं। मुरादनगर की बात करें तो यहां से कौन नेता चुनाव लड़ना चाहता है, कोई चेहरा स्पष्ट नहीं है। मुरादनगर विधानसभा में समाजवादी पार्टी का कोई ऐसा दावेदार अपनी सक्रिय गतिविधियों को लेकर दिखाई नहीं दे रहा है। मुरादनगर में कई नेता रहते हैं, लेकिन चुनावी तेवरों के साथ कोई समाजवादी नहीं है। अगर लोनी विधानसभा की बात करें तो लोनी से कौन समाजवादी पार्टी का दावेदार है ये पता ही नहीं चल रहा। विपक्ष वाले तेवरों के साथ कोई समाजवादी दिखाई नहीं दे रहा। अगर बात साहिबाबाद की करें तो ये देश की सबसे बड़ी विधानसभा है और यहां समाजवादी उम्मीदवारी की दावेदारी वाली कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। यहां से फिलहाल कोई नेता चुनावी मोड में नहीं है। यहां महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव रहते हैं, लेकिन वो संगठन वाले अंदाज में तो हैं लेकिन उम्मीदवार वाले अंदाज में नहीं हैं। इसी तरह धौलाना विधानसभा की बात करें तो यहां असलम चौधरी राजनीति वाले अंदाज में हैं और उनके अलावा कोई चेहरा यहां समाजवादी दावेदारी में नहीं हैं। यही हाल मोदीनगर का भी है और वहां भी फिलहाल कोई समाजवादी दावेदारी नहीं है। कोई नेता इन विधानसभाओं में नहीं हैं जो चुनावी तैयारियों को लेकर समाजवादी छाप छोड़ रहा हो।

समाजवादी पार्टी

### शहर में अभिषेक गर्ग-सिंहराज और विशाल वर्मा की चर्चा

समाजवादी पार्टी के शहर वाले सीन की तरफ रुख करें तो यहां तीन चेहरे विपक्षी अंदाज में हैं। मुद्दों पर बोलते हैं, जनता के बीच आते हैं। यहां इन चेहरों में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग का नाम आता है। अभिषेक गर्ग मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। सरकार को उसके फैसलों पर घेरते हैं। नीतियों की भी आलोचना करते हैं और वो जनता के बीच भी रहते हैं। अपनी गतिविधियों से विपक्ष के जिंदा होने का एहसास कराते हैं। शहर सीट की बात करें तो यहां विधानसभा चुनाव लड़ चुके विशाल वर्मा और सिंहराज जाटव भी दावेदारी वाली राजनीति का फेस माने जा सकते हैं। ये दोनों ही चेहरे पूर्व में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हैं और मुद्दों को लेकर एक्टिव रहते हैं।





# पासपोर्ट आवेदन करना होगा आसान नहीं लगाने पड़ेंगे अब चक्कर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में रहने वाले लोगों के लिए अब पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया आसान होगी।


पासपोर्ट बनवाने में लगने वाले समय को कम करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने चार डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) की क्षमता को बढ़ा दिया है। आगरा, मेरठ, वृंदावन और सहारनपुर में अब हर दिन 90 आवेदन लिए जाएंगे जबकि पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट की संख्या को भी बढ़ाया गया है।



क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया कि पासपोर्ट सेवाओं में बड़ा सुधार किया गया है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के क्षेत्राधिकार में आने वाले चार डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों आगरा, मेरठ, वृंदावन और सहारनपुर 13 मई से प्रतिदिन पासपोर्ट और पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) के लिए अधिक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

**पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट को लिए जाएंगे रोजाना 10 आवेदन**

करंट क्राइम : अब इन डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर आवेदन की दैनिक सीमा 90 कर दी गई है। वहीं, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के लिए 10 आवेदन प्रतिदिन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अन्य डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र अछनेरा, अलीगढ़, बागपत, बुलंदशहर, हाथरस, मुजफ्फरनगर और नोएडा में पासपोर्ट के 45 और पीसीसी के पांच आवेदन प्रतिदिन स्वीकार किए जाएंगे।

# दैनिक करंट क्राइम के सर्वे में जीरो को लेकर आई ऐसी बात बाहर दस में जीरो देने वाले चेहरों को थी टिकट ना मिलने की खार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम सदन के दो वर्ष पूरे होने पर पार्षदों का रिपोर्ट कार्ड जनता से मांगा था। करंट क्राइम ने सोशल मीडिया पर जनता से उनकी राय मांगी और पार्षदों को वो दस में से मितने नंबर देना चाहते हैं यह पूछा था। यहां पर जिस तरह से प्रतिक्रियाएं आईं उसे लेकर दैनिक करंट क्राइम ने यह पहले ही बताया था कि कई वार्डों में दस में से दस नंबर मिले हैं और ये आशंका जताई थी कि सोशल मीडिया पर कई पार्षदों के समर्थक भी जनता के भेष में शामिल हो गए हैं। समर्थक भी जनता होते हैं और जनता भी समर्थक होती है। इसी तरह राजनीति में कई बार अपने ही दल के कुछ विरोधी ऐसे होते हैं जो लगातार गलत प्रचार करते हैं। किस्सा दस अंक को लेकर चला और दस में से जीरो अंक दिये जाने पर चला। फेसबुक पर अपनी प्रतिक्रिया अपने कमेंट के लिये सभी आजाद हैं और जहां सभी की नजर दस में दस अंक पर थी वहीं दस वाली बात ये भी थी कि कहीं दस में से जीरो अंक भी दिये गये थे। जीरो वाले रिजल्ट पर प्रतिक्रिया भी आई है और करंट क्राइम को बताया गया कि ये जीरो ऐसे ही नहीं मिले हैं क्योंकि जिस जनता ने चुनाव जिताकर हीरो बनाया है उस जनता ने दस में से जीरो अंक नहीं दिये हैं। जब इसकी पड़ताल हुई तो पता चला कि दस में से जीरो अंक देने वाले कोई और नहीं अपने ही दल के वो दावेदार हैं जो चुनाव लड़ना चाहते थे, टिकट में दावेदारी में थे, टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिला तो वो बागी हो गए और बगावत के कई रूप सामने आए। कई ऐसे थे जो बागी होकर चुनाव लड़े। कुछ ऐसे थे जो बागी के परम साथी हो गए। कुछ ऐसे थे जो भीतरघाती हो गए और कुछ इतने साइलेंट हो गए कि पूरे चुनाव में घर से ही नहीं निकले। लिहाजा ये ऐसा वार्ड रहा जिसमें इन्होंने ही दस में से जीरो नंबर दिये। अब जिन्हें जीरो नंबर ज्यादा मिले उन्होंने इस पूरे मामले को तस्वीरों से उजागर किया है। उनका कहना है कि अगर हमने काम नहीं किया तो फिर विकास कहां से हुआ है। वो बता रहे हैं कि हमने कोशिश की है और क्षेत्र में पेंशन योजना चलाई, राशन कार्ड बनवाए, आयुष्मान कार्ड के लिये कैंप लगवाया। उनका कहना है कि कूड़े का भी निस्तारण कराया, लेकिन निगम के अपने सीमित साधन हैं, पार्षद की अपनी सीमाएं हैं फिर भी सब काम कराया है। अब अगर पार्टी के बागी, भीतरघाती किसी मुद्दे पर विरोध के लिये विरोध करेंगे और इस तरह से नंबरों में डाउन करेंगे तो इसे राजनीति में स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। पार्षद ने अगर काम नहीं कराया तो क्षेत्र की जनता बताएगी। दस का मामला है और दस लोगों के दुष्प्रचार करने से सच्चाई छुप नहीं जाएगी।

## संपादकीय

### छोटी सी आशा

पीएम मोदी के संबोधन ने विश्व को शांति का संदेश दिया, भारत ने पाकिस्तान की गुहार मानकर टकराव टाला क्योंकि यह युग आतंकवाद का नहीं है। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में कमी और रूस-यूक्रेन में बातचीत की संभावना से वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है। इन सकारात्मक कदमों से भारतीय बाजार में भी उछाल आया है।

पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन देश के नाम था, लेकिन इसने संदेश पूरी दुनिया को दिया। भारत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बावजूद उसने पाकिस्तान की समझौते की गुहार मान ली, क्योंकि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए हिंदुस्तान का कदम आशा की बहुत बड़ी किरण है।

आतंक पर होगी बात : पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान भारत ने अद्भुत संयम का परिचय दिया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी और भारतीय सेनाओं ने उसे ही लक्ष्य किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन से साफ कर दिया कि आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। शांति का एकमात्र रास्ता यही है कि पाकिस्तान को अपने टेरर इंफ्रा का सफाया करना होगा। पड़ोसी देश से अब बात होगी तो आतंकवाद और ढङ्कङ पर।

विराट कोहली के टेस्ट रिटायरमेंट पर ब्रिटेन के पूर्व ढट का बयान, ऋषि सुनक को है इस बात का मलाल भारत के र-400 को ध्वस्त करने का किया था दावा, ढट मोदी ने कर दिया फैक्ट चेक... पाकिस्तानी एयरफोर्स की दुनियाभर में थू-थू विकास का लक्ष्य : पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित और शक्तिशाली भारत की बात की है। देश के सामने सबसे बड़ा लक्ष्य यही है। 2047 तक विकसित मुल्क बनने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में नई आशा जगी है।

वर-चीन समझौता : इसी तरह की एक और आशा है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, भले ही अभी केवल 90 दिनों के लिए ही। डॉनल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी के चलते दोनों देश एक नए ट्रेड वॉर की तरफ बढ़ चले थे। इससे पूरी ग्लोबल इकॉनमी तनाव में थी, भारत भी। अब जब बात हुई है, तो आशा है कि आगे कोई बेहतर हल भी निकल आएगा। रूस-यूक्रेन बातचीत : एक और सकारात्मक खबर यह भी रही कि तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह हो सकती है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही इसे लेकर उम्मीदें जग गई थीं और अब गुरुवार को तुर्किये में दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होने जा रही है।

# अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा सकता है भारत

## स्टील शुल्क के खिलाफ कार्रवाई पर कर रहा विचार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के स्टील पर शुल्क लगाने के फैसले के बाद अब भारत भी अब अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) को इस प्रस्ताव की जानकारी दी है। अमेरिका भारतीय स्टील और एल्युमीनियम के निर्यात पर शुल्क वसूल रहा है।

अमेरिका के स्टील शुल्क से बुरी तरह प्रभावित हुआ है भारत का निर्यात भारत ने विश्व व्यापार संगठन को सोमवार को दिए नोटिस में कहा है कि भारत छूट को समाप्त कर कुछ अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ा सकता है। भारत का कहना है कि ये अपने बचाव में उठाया गया कदम है। भारत का कहना है कि अमेरिका द्वारा स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने से उसके करीब 7.6 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल सत्ता में आने के बाद अपने संरक्षणवादी दृष्टिकोण को जारी रखा और दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाने का एलान कर दिया। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में शुल्क लगाए थे।

### अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश

भारत दुनिया में कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। ऐसे में ट्रंप द्वारा स्टील और एल्युमीनियम पर लगाए गए शुल्क का भारत के निर्यात पर बड़ा असर पड़ा है। अब जिस तरह से भारत ने अमेरिका के कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है, उससे दोनों देशों में व्यापार तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। गौरतलब है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच नया व्यापार समझौता होने के करीब है।

## मुक्त व्यापार समझौते के बाद चाइनीज माल की एंट्री रोकने की चुनौती, घरेलू कंटेंट पर फोकस



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो चुका है। अब दोनों देशों के सामने चुनौती है कि वे चाइनीज माल की एंट्री को कैसे रोकें। इसके लिए दोनों देश अपने उत्पादों में घरेलू कंटेंट को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि चीनी माल की पिछले दरवाजे से एंट्री को रोका जा सके। केनरा बैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में क्या कहा गया है रिपोर्ट में कहा गया है कि माल का उत्पादन कहां हो रहा है, इसे पता लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता होना, भारत की बड़ी जीत है। इसके तहत ब्रिटेन के 99 प्रतिशत बाजार में भारतीय उत्पादों को ड्यूटी फ्री एंट्री मिलेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को काफी फायदा होगा। केनरा बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, अगर माल के उत्पादन वाली जगह की पुष्टि के लिए सख्त कदम नहीं उठाए गए तो चाइनीज माल की पिछले दरवाजे से दोनों देशों के बाजार में एंट्री हो सकती है। और दोनों देशों के स्थानीय निर्यातकों को एफटीए का पूरा फायदा नहीं मिल पाएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।
- इस्लाम भारत का और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।
- विश्व की सबसे बड़ी डाक व्यवस्था केवल भारत के ही पास है।
- भारतीय रेल (Employers) के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी संस्था है. इससे 170000 के लगभग कर्मचारी जुड़े हुए हैं. बहुत से देशों की तो जनसँख्या भी इतनी नहीं है।
- दुनिया का सबसे ऊँचा क्रिकेट मैदान भी भारत में है. यह क्रिकेट स्टेडियम हिमाचल प्रदेश के चैल में चैल क्रिकेट स्टेडियम है जिसकी ऊंचाई 2,444 मीटर है और यह 1893 में बनाया बनाया गया दुनिया का सबसे ऊँचा स्टेडियम है।
- भारत की तकनीकी राजधानी बंगलुरु में 2006 के बाद कार्यालयों की संख्या में छह गुना से अधिक इजाफा हुआ है. और अब सिंगापुर की तुलना से अधिक ग्रेड- अ कार्यालय बंगलौर में है।
- 2,444 मीटर ऊचाई पर स्थित चैल क्रिकेट मैदान जो कि हिमाचल प्रदेश में है. दुनिया का सबसे ऊचा क्रिकेट मैदान है।
- वर्तमान समय में भारत देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में कम हो रही तल्खी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की तल्खी अब कम होती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के रिश्तों में 'पूरी तरह से नई शुरूआत' का एलान किया है। इसके बाद सोमवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख शेयर बाजार सूचकांकों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।



बीते हफ्ते स्विट्जरलैंड में अमेरिका और चीन के शीर्ष अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। बातचीत का नतीजा यह निकला कि अमेरिका अब चीनी सामानों पर 145 फीसदी के भारी टैक्स की बजाय सिर्फ 30 फीसदी टैक्स लगाएगा। वहीं चीन अमेरिकी उत्पादों पर 125 फीसदी टैक्स से घटाकर 10 फीसदी टैक्स करेगा। यह एक अस्थायी समझौता है, लेकिन इसे व्यापार युद्ध को शांत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

ब्रिटेन से भी हुआ समझौता : पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन के बीच भी व्यापार को लेकर एक सकारात्मक समझौता हुआ है। जानकारों का कहना है कि इन दोनों बड़ी घोषणाओं से कंपनियों का भरोसा बढ़ेगा, और वे भविष्य की निवेश और खर्च से जुड़ी योजनाएं बना सकेंगी। ब्रीफिंग डॉट कॉम ने लिखा : 'इन फैसलों से व्यापारियों को लगेगा कि भविष्य में स्थायी समझौता हो जाएगा, जिससे वे अपने निवेश और खर्च से जुड़े फैसले लेने में हिचकिचाएंगे नहीं।' एबीबीडब्ल्यू के जानकार कॉर्ल हेलिंग ने कहा, 'अभी भी बहुत सारे विवरण तय किए जाने बाकी हैं। यह साफ है कि असली और स्थायी समझौते के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना होगा।




## क्या पिंक बूथ के भी बदलेंगे जोन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को सुधारने और बेस्ट बनाने के लिए इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में पूरी मेहनत चल रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अधिकारियों की ओर से लगातार नए फरमान और सलाह दी जा रही है। वहीं नए आदेशों के बाद उनपर प्रमुखता से अमल हो रहा है। तो वहीं बेहतर कार्यों के बाद उसके रिजल्ट भी अब आने शुरू हो गए हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते कुछ दिनों पहले एक आदेश जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि जिन टू-स्टारों के पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक जोन में दो वर्ष पूरे हो गए हैं, उनके जोन बदले जाएंगे। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा शुरू हो गई है क्या आने वाले दिनों में पिंक बूथ पर तैनात दो साल से अधिक वाली टू-स्टार कब बदली जाएंगी। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि अधिकांश पिंक बूथ पर जो महिला सब इंस्पेक्टर तैनात हैं, वह यहां पर अधिकांश लंबी पारी खेल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि कई की शिकायतें हैं, तो कई बदली भी जा चुकी हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पिंक बूथ को लेकर बड़ी बैठक हो सकती है। तो कई दिशा निर्देश भी दिए जा सकते हैं। सुनने में आ रहा है कि अभी तक पिंक बूथ बिग्रेड से पुलिस कमिश्नर साहब की मुलाकात नहीं हुई है। तो सुनने में आ रहा है कि पिंक बूथ के मामलों को गंभीरता से लेने के लिए आने वाले कुछ ही दिनों में मुकदमा लिखे जाने को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि महिला अपराध संबंधी एसीपी की नई तैनाती होने के बाद व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए नए फरमान सुनाएं जा सकते हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार मीटिंगों का दौर चल रहा है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को जिस प्रकार से सिटी वाले जोन के पुलिसकर्मियों की बैठक हुई है। तो आने वाले दिनों में कई और प्रकार की महत्वपूर्ण बैठकें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आयोजित की जानी हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि कई पिंक बूथ पर प्रभारी ऐसी भी हैं, जिनकी थाने वालों से ज्यादा अच्छी टयूनिंग नहीं है। देखना होगा उनकी शिकायत कार्यालय तक पहुंचती है, तो क्या एक्शन लिया जाएगा।




## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भतीजे ने जब परीक्षा में स्कूल में टॉप किया तो चाचा का सीना गर्व से फूल गया। भाजपा नेता तुषार मित्तल के भतीजे हार्दिक मित्तल ने नेहरू वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 में कॉमर्स स्ट्रीम में 98.2% अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया। यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाली है। तुषार मित्तल ने अपने भतीजे और भाई संदीप मित्तल के पुत्र हार्दिक मित्तल की इस बधाई को सोशल मीडिया पर साझा किया। सभी समरथ को शुभचिंतकों और मित्रों ने हार्दिक की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी। पूरे मित्तल परिवार में खुशी का माहौल है और सभी ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से कुछ स्पेशल विश मांगी है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 61 की निगम पार्षद शिल्पा चौधरी ने अपने पार्षद कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण किए। 2 वर्ष पूर्ण होने पर आशीष चौधरी और शिल्पा चौधरी ने मरघट हनुमान मंदिर में दर्शन कर गुरुजी पंडित वैभव शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## गिरावट के बाद जेनसोल के संभले हालात, शेयरों में पांच प्रतिशत का आया उछाल



**नई दिल्ली।** सेबी की कार्रवाई के बाद जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रमोटर अनमोल और पुनीत जग्गी ने इस्तीफा दिया। इसके बाद शेयर में पांच प्रतिशत की तेजी आई और यह अपर सर्किट पर बंद हुआ। लगातार 22 दिनों की गिरावट के बाद यह पहली बढ़त है। मुश्किलों में घिरी कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में मंगलवार को जोरदार वापसी देखने को मिली। प्रमोटर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी के इस्तीफे के बाद शेयर 5% चढ़कर बीएसई पर 57.28 रुपये और एनएसई पर 56.64 रुपये पर बंद हुआ। यह दोनों एक्सचेंजों पर शेयर का अपर सर्किट लिमिट था। दिन की शुरूआत में यह शेयर पांच प्रतिशत गिरकर 51.25 रुपये (52 हफ्तों का निचला स्तर) तक पहुंच गया था। वहीं पिछले 22 ट्रेडिंग सेशंस में यह शेयर करीब 66.6% टूट चुका था। प्रमोटर ने क्यों दिया इस्तीफा बता दें कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के 15 अप्रैल के अंतरिम आदेश के बाद जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल सिंह जग्गी और पूर्णकालिक डायरेक्टर पुनीत सिंह जग्गी ने सोमवार को अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# स्मृति मंधाना को मिला दमदार प्रदर्शन का फायदा, छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंचीं



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को त्रिकोणीय सीरीज में दमदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वह एक स्थान की छलांग लगाकर आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गईं। श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई इस सीरीज में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। फाइनल मुकाबले में भारत ने मंधाना की शतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका को 97 रन से हराया था। अब उन्हें इस प्रदर्शन का लाभ मिला है।

### 11वें वनडे शतक के साथ मंधाना ने ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा

इस सीरीज के फाइनल मुकाबले में 28 वर्षीय बल्लेबाज ने 116 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। अपने करियर के 11वें शतक के साथ मंधाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में वह इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं।

### दूसरे स्थान पर पहुंची मंधाना

इसी के साथ मंधाना आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। पहले स्थान पर 738 रेटिंग अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ड्ट हैं। मंधाना पहला स्थान हासिल करने से कुछ कदम दूर हैं। उनके खाते में 727 रेटिंग अंक हैं। मंधाना इस सीरीज में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। उन्होंने 52.80 के औसत से 264 रन बनाए थे।

# दो वर्ष पूरे होने पर बोले पार्षद - महापौर के नेतृत्व से वार्डों में हो रहे विकास कार्य



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम के पार्षदों का मंगलवार को 2 साल पूरे हो गए हैं। दो साल होने पर पार्षद ने महापौर के नेतृत्व से हुए विकास कार्यों के बारे में बात की। उन्होंने अपने वार्ड में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी और महापौर की मदद से हुए कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### वार्ड का विकास महापौर के नेतृत्व से ही संभव : नरेश भाटी



**करंट क्राइम।** पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि महापौर के नेतृत्व से उनके वार्ड में कई विकास कार्य हुए हैं, जैसे कि सड़कों की मरम्मत, पानी की आपूर्ति की व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। उन्होंने कहा कि महापौर ने उनके वार्ड के विकास के लिए हमेशा सहायता की है। पार्षद ने महापौर का धन्यवाद दिया और कहा कि उनके नेतृत्व से उनके वार्ड में विकास तेजी से हुआ है।

### महापौर के मार्गदर्शन और नेतृत्व से हुए विकास कार्य : मदन राय



**करंट क्राइम।** पार्षद मदन राय ने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में, नगर निगम द्वारा कई सकारात्मक विकास कार्य किए गए हैं। जिससे वार्ड 86 के लोगों को लाभ हुआ है। पार्षद ने जोर देकर कहा कि महापौर के मार्गदर्शन और नेतृत्व से, वे अपने वार्ड के विकास के लिए और अधिक काम कर पाएंगे।

### विकास कार्यों के लिए पूरा सपोर्ट रहता है महापौर सुनीता दयाल का : शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद शिल्पा चौधरी ने बताया कि वार्ड के विकास के लिए 2 साल में महापौर सुनीता दयाल का पूरा सपोर्ट रहा है उन्होंने कहा वार्ड 61 तार फेंसिंग करवाई, जब भी काम के लिए जाते है, तुरंत का समाधान होता है। उन्होंने कहा वार्ड में विकास कार्य हुए हैं और पार्कों का भी विकास कार्य हुए है। ओपन जिम से लेकर सूर्य नमस्कार तक की स्टैचू वार्ड के पार्क में लगे हुए हैं।

### महापौर सुनीता दयाल ने दो साल में कराए सर्वाधिक विकास कार्य : श्री भगवान अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के कार्यकाल में शहर और वार्ड 97 के अंदर काफी कार्य हुए हैं। जिस भी कार्य के लिए में महापौर के पास गया, उसे कार्य को तुरंत करवा दिया गया। दो साल पूरे होने पर वार्ड में सभी क्षेत्र में काम हुआ है सड़क, पार्क, पानी, सीवर पर भी महापौर के नेतृत्व से ही विकास कार्य निरंतर हो रहे हैं।

### बहुत अच्छे कार्य महापौर के नेतृत्व से वार्ड 54 में हुए : सतेंदर चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने कहा कि मंगलवार को पार्षद बने दो वर्ष हो गए हैं, जिसमें मेरे वार्ड 54 की स्थिति सबसे अधिक खराब थी। महापौर के नेतृत्व से ही वार्ड में विकास कार्य संभव हुए हैं, जैसे पार्क, सड़क सीवर, स्ट्रीट लाइट व ग्रीन बेल्ट में तार फेंसिंग का काम भी हुआ है। और भी वार्ड में विकास कार्य चल रहे हैं, महापौर सुनीता दयाल सबका साथ सबके विकास में विश्वास रखती है।

# घुड़सवार अनुष अग्रवाला का ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में शानदार प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया



**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए होल्टकैम्पर ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। अनुष ने एशियाई खेलों में दो पदक जीते थे। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी।

2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है। हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरूआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।

# गंभीर और देवराज ने फिर रोशन किया उत्तराखंड का नाम, भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बनाई जगह

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के क्रिकेट खिलाड़ी गंभीर सिंह चौहान और देवराज पाल भले ही अपनी आंखों से देख नहीं पाते, लेकिन अपने हुनर के दम पर समय-समय पर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते आ रहे हैं। एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए हुआ है।

बंगलूरू में दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की टी-20 शृंखला सोमवार से शुरू हो गई है, जो 16 मई तक चलेगी। इसमें दोनों खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। इससे पहले भी दोनों खिलाड़ियों का चयन ब्लाइंड क्रिकेट की नागेश ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में किया जा चुका है। यह पहला मौका था जब भारतीय टीम में उत्तराखंड के दो खिलाड़ी एक साथ देश के लिए खेले।

दोनों खिलाड़ी देवराज और गंभीर राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) के छात्र हैं। इनके कोच नरेश सिंह नयाल ने बताया कि देवराज बी-1 श्रेणी के खिलाड़ी हैं, जिन्हें बिल्कुल भी नहीं दिखता। वह अपनी तेज गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए जाने जाते हैं। उनकी खासियत है कि वह फिट हैं और बहुत तेजी के साथ बाल तक पहुंचते हैं। जबकि गंभीर बी-2 श्रेणी के खिलाड़ी हैं और अपने हरफनमौला अंदाज के लिए जाने जाते हैं। तेज बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी के लिए उनका चयन टीम में हुआ है।



# 'गुकेश विश्व चैंपियन, लेकिन कार्लसन हर लिहाज से उनसे बेहतर', महान शतरंज खिलाड़ी कास्पारोव का बयान

**मास्को।** रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव का मानना है कि डी गुकेश भले ही विश्व चैंपियन हैं, लेकिन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन हर लिहाज से उनसे बेहतर हैं। कास्पारोव का मानना है कि गुकेश उनकी तुलना में अलग स्थिति में है क्योंकि नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन इस दौर में मौजूद हैं और बेस्ट हैं। गुकेश ने 17 वर्ष की उम्र में चीन के डिंग लिरेन को 14 गेमों के मुकाबले में हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता था। गुकेश ने उम्र के लिहाज से कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। कास्पोरोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था। कास्पारोव ने बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दौरान सेंट लुईस शतरंज क्लब के यूट्यूब चैनल से कहा, 'गुकेश आधिकारिक रूप से विश्व चैंपियन हैं और इसमें कोई शक नहीं, लेकिन हर लिहाज से उससे बेहतर एक और खिलाड़ी भी है।'



गुकेश और कार्लसन के बीच यह तुलना पहली बार नहीं हुई है। कास्पारोव ने गुकेश समेत भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए उन्हें 'विशी के बच्चे' करार दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद उनके समकालीन रहे हैं। कास्पारोव ने कहा, 'गुकेश के प्रदर्शन में सुधार की काफी गुंजाइश है। वह अवश्य इसे समझकर इस पर काम कर रहा होगा। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने के बाद गुकेश का प्रदर्शन बेहतर हो रहा था। विश्व चैंपियनशिप मैच में कुछ भी हो सकता है क्योंकि यह लंबा मैच होता है, लेकिन गुकेश हमेशा आगे थे। गुकेश उस मैच में लिरेन से बेहतर खिलाड़ी थे।' गुकेश और कास्पारोव के अलावा मैग्नस कार्लसन ने 2013 में चेन्नई में तब के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। कार्लसन 2022 तक दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने रहे। हालांकि, उन्होंने प्रेरणा की कमी का हवाला देते हुए अपना खिताब छोड़ दिया था। कार्लसन पहली बार 22 साल 357 दिन की उम्र में चैंपियन बने थे।

# संत प्रेमानंद महाराज ने कोहली-अनुष्का को बताया- कैसे बरसेगी कृपा, पूछा- खुश हो?

**वृंदावन।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से भेंट की। इस दौरान दोनों ने संत महाराज से आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। संन्यास के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति मानी जा रही है। संन्यास के बाद सीधे आध्यात्मिक शांति की तलाश में वह वृंदावन पहुंचे।



### विराट ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था

विराट ने सोमवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया था। उन्होंने एक भावुक पोस्ट के जरिये अपने 14 साल के टेस्ट करियर पर विराम लगाने की पुष्टि की थी। विराट ने कहा था कि उन्होंने इस प्रारूप से काफी सबक लिया है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे।

विराट आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का भी हिस्सा हैं और कुछ दिनों बाद वह आरसीबी टीम से जुड़ जाएंगे और पहली बार टीम को चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे। कोहली और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय बिताया। दोनों सुबह करीब छह बजे आश्रम पहुंचे और करीब साढ़े नौ बजे वहां से निकल गए। यह पहली बार नहीं है जब विराट संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे हैं। वह इससे पहले जनवरी 2023 में इसी साल जनवरी में भी मिलने पहुंचे थे। अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने संत प्रेमानंद से गहन चर्चा की। इस दौरान विराट ने पूछा कि असफलता से कैसे बाहर निकला जाए? इस पर प्रेमानंद ने कहा कि अभ्यास करना जारी रखें।

# रोहित-कोहली के बाद नई दिखेगी टेस्ट टीम

**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाजों के टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने के बाद अब इंग्लैंड दौरे पर एक नई टीम देखने को मिलेगी। लाल गेंद के प्रारूप में लंबे समय से इन दोनों बल्लेबाजों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, लेकिन पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रोहित-कोहली के लिए इस प्रारूप में खेलना मुश्किल हो गया।



### रोहित-कोहली के संन्यास ने दिया बड़ा संदेश

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद रोहित और कोहली के टेस्ट में भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया था, लेकिन जिस तरह इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले इन दोनों बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का फैसला लिया वो बड़े संदेश दे गया। यह इस बात के भी संकेत हैं कि मुख्य कोच गौतम गंभीर का ड्रेसिंग रूम में किस तरह का दबदबा है। हाल ही में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में गंभीर ने कहा था कि जब तक रोहित और कोहली प्रदर्शन कर रहे हैं, उनकी टीम में जगह पक्की है। लेकिन उन्होंने टेस्ट प्रारूप को लेकर कुछ भी नहीं कहा था।

### कोच के तौर पर मजबूत नजर आए हैं गंभीर

भारतीय क्रिकेट में अतीत में ऐसे भी पल आए हैं जब कोच को अपनी ताकत दिखाने के लिए पद छोड़ना पड़ा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ग्रेग चैपल हैं। वहीं, अनिल कुंबले ने तो टीम के सुपरस्टार कल्चर से परेशान होकर पद छोड़ दिया था। लेकिन गंभीर के मामले स्थिति अलग दिखाई पड़ती है और ऐसा लग रहा है कि अब कप्तान से ज्यादा ताकत कोच के पास है। बिशन सिंह बेदी, चैपल और कुंबले खुद चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें कप्तान के सहायक की भूमिका निभानी पड़ेगी। जॉन राइट, गैरी कर्स्टन और रवि शास्त्री को यह पता था और वे काफी सफल रहे।

रोहित और कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद अब भारतीय टेस्ट टीम में ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी नहीं बचे हैं। रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दौरान ही संन्यास का एलान कर दिया था और अब रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो अनुभवी हैं। बीसीसीआई सूत्रों की मानें तो गंभीर पहले से तय करके आए थे कि टीम में स्टार कल्चर खत्म करना है। सूत्र ने कहा, गौतम गंभीर युग की शुरूआत अब हुई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र में भारत को नए चेहरे चाहिए। टीम प्रबंधन में सभी को पता था कि टेस्ट प्रारूप में सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर गंभीर क्या सोचते हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर भी उनसे इत्तेफाक रखते थे। भारतीय क्रिकेट में कप्तान हमेशा से ही मजबूत शख्स रहा है, लेकिन गंभीर के दौर में ऐसा देखने नहीं मिला है। गंभीर ने जब पद संभाला तो रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके थे और हार्दिक पांड्या कमान संभालने की दौड़ में आगे थे, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले चयनकर्ताओं ने सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कमान सौंपकर भविष्य के लिए इरादे साफ कर दिए थे। ऐसे ही अब भारत को टेस्ट प्रारूप में नए कप्तान की जरूरत होगी। रोहित की अनुपस्थिति में इस प्रारूप में बुमराह कमान संभालते रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि शुभमन गिल को लाल गेंद टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है।

समझा जाता है कि भारतीय क्रिकेट के बदलाव के इस दौर में गंभीर चाहते थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और न्यूजीलैंड सीरीज जैसी विफलता के दोहराव से बचने के लिए उन्हें पूरी ताकत दी जाए। शुभमन गिल के रूप में उनके पास युवा कप्तान है जो उनकी सुनेगा। गिल स्टार हैं लेकिन उनका वह दर्जा नहीं है कि गंभीर के फैसलों और रणनीतियों पर सवाल उठा सके। एक ही खिलाड़ी उस कद का है और वह है बुमराह, लेकिन फिटनेस के खराब रिकॉर्ड के कारण उनका कप्तान बनना संभव नहीं दिखता।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार नहीं लगा किसी भारतीय के करियर पर विराम, 14 साल पहले भी थे ऐसे हालात

**नई दिल्ली।** भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे ने तीन दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों के करियर पर विराम लगा दिया। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दौरे के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इस महीने एक हफ्ते के अंदर टेस्ट को अलविदा कह दिया। ये दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। अब रोहित और विराट सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। इसी के साथ ये तीनों उन क्रिकेटर्स की लिस्ट में शामिल हो गए, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इस प्रारूप से या फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। इस लिस्ट में कई महान खिलाड़ी शामिल रहे हैं। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स इस सूची में शामिल हैं।

### 1991/12 भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज : के श्रीकांत का संन्यास

भारत के पूर्व ओपनर श्रीकांत ने फरवरी 1992 में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेली गई टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ही अपना आखिरी टेस्ट खेला था। हालांकि, वह वनडे खेलते रहे थे, लेकिन वनडे से भी उन्होंने मार्च 1992 में संन्यास ले लिया था। पर्थ के वाका में श्रीकांत ने आखिरी टेस्ट खेला था। इस मैच में वह 34 और 38 का स्कोर बना पाए थे। पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से अपने नाम की थी।

### 1991/12 भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज : दिलीप वेंगसरकर का संन्यास

सिर्फ श्रीकांत नहीं, 1992 की यह सीरीज महान दिलीप वेंगसरकर की भी आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई थी। पर्थ में खेला गया पांचवां टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट रहा। वनडे से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। इस तरह 1991/92 भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज भारत के दो महान बल्लेबाजों के लिए आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई।



### 2011/12 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: राहुल द्रविड़ ने लिया था संन्यास

भारत ने 2011/12 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इस सीरीज के चौथे टेस्ट के बाद भारत के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एडिलेड ओवल में खेला गया चौथा टेस्ट द्रविड़ का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ। वनडे और टी20 से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। द्रविड़ ने अपने आखिरी मुकाबले में एक और 25 रन की पारी खेली।

### 2011/12 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : वीवीएस लक्ष्मण ने लिया था संन्यास

द्रविड़ के अलावा एक और महान बल्लेबाज ने 2012 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़ दिया था। यह बल्लेबाज कोई और नहीं बल्कि वेरी वेरी स्पेशल वीवीएस लक्ष्मण हैं। एडिलेड टेस्ट उनके लिए भी आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। लक्ष्मण ने अपने आखिरी मुकाबले में 18 और 35 रन की पारी खेली। भारत चार मैचों की यह सीरीज 4-0 से हार गया था।

### 2014/15 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: एमएस धोनी ने लिया था संन्यास

भारत ने 2014/15 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। जब इस सीरीज के लिए टीम का एलान हुआ तो धोनी कप्तान थे। किसी को कोई अंदाजा नहीं था कि इस सीरीज में कुछ ऐसा होने वाला है जो विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख देगा। भारत एडिलेड और गाबा में खेले गए शुरूआती दो टेस्ट में बुरी तरह हार गया था। इसके बाद तीसरे टेस्ट में तब उपकप्तान रहे विराट कोहली को कमान सौंपी गई और धोनी ने चोट का हवाला देते हुए आराम का फैसला किया। मेलबर्न में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा और इस टेस्ट के खत्म होते ही धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। इस फैसले ने दुनिया को चौंका दिया था। किसी को इसका अंदाजा नहीं था। हालांकि, धोनी इसके बाद 2019 तक सीमित ओवर क्रिकेट खेलते रहे थे।

### 2018/19 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : मुरली विजय ने लिया था संन्यास

भारत ने 2018/19 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत हासिल की, जबकि पर्थ में खेले गए दूसरे टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था। इन दोनों टेस्ट में मुरली विजय ने ओपनिंग की, लेकिन उनका प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए ड्रॉप किया गया। तीसरा टेस्ट भारत ने जीता और चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। भारत ने 2-1 से सीरीज जीती और विजय के लिए यह आखिरी सीरीज साबित हुई। इसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए। उन्होंने तब ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

एक ऐसे समय में जब अश्विन अपने करियर के चरम पर थे, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला है, जिसके पीछे की वजह शायद खुद अश्विन ही बता पाएं। टेस्ट में 537 विकेट, 37 फाइफर्स, 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड्स, छह टेस्ट शतक, 14 अर्धशतक...ऐसा कौन सा रिकॉर्ड है जिससे अश्विन पीछे रहे, लेकिन उन्होंने इससे दूर जाने का फैसला लिया।

### 2024/25 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: रोहित शर्मा ने लिया संन्यास

भारतीय फैंस को बुधवार सात मई को तब बड़ा झटका लगा, जब रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने का फैसला लिया। वह फिलहाल टेस्ट में टीम इंडिया के कप्तान भी थे। रोहित शर्मा को 2022 में टेस्ट प्रारूप का नियमित कप्तान बनाया गया था। तब से लेकर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे तक वह क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में टीम इंडिया के कप्तान रहे। 2024/25 ऑस्ट्रेलिया दौरा ही उनकी आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई। हालांकि, एक जनवरी 2024 के बाद से रोहित का इस प्रारूप में फॉर्म बेहद खराब रहा था। उन्होंने इस दौरान 14 टेस्ट की 26 पारियों में 24.76 की साधारण औसत से 619 रन बनाए। इसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में रोहित ने तीन मैचों की छह पारियों में 15.17 की औसत से 91 रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन टेस्ट की पांच पारियों में हिटमैन 6.20 की औसत से 31 रन ही बना पाए। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि चयनकर्ता ने उन्हें आगामी इंग्लैंड सीरीज के लिए नहीं चुनने के बारे में बता दिया था।

# भाजपा नेता देशराज देशी को दी गई श्रद्धांजलि








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता देशराज देशी का 13 मई को निधन हो गया था।। उनकी शोक सभा मंगलवार को आयोजित की गई। भाजपा नेता देशराज देसी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता पहुंचे। सभी ने देशराज देसी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कौशिक परिवार में हुआ मां भगवती का जागरण





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक तथा बैनामा लेखक संघ के पूर्व अध्यक्ष संजीव कौशिक आवास पर मां भगवती जागरण आयोजित हुआ। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल विधायक अजीत पाल त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संतोष हॉस्पिटल ने 53 गांवों के प्रधानों को प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद के द्वारा ब्लॉक भोजपुर (गाजियाबाद) में मंगलवार को 53 गांवों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चीफ गेस्ट रहीं सुचिता सिंह और आशीष चौधरी। मीटिंग में 53 गांवों के प्रधान उपस्थित रहे, जिन्हें संतोष मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। सभी ग्राम प्रधानों का संबोधन व आभार व्यक्त करते हुए डॉ.श्वेता चौधरी ने संतोष हॉस्पिटल (गाजियाबाद) के दूरदर्शी योजनाओं और उनसे लाभ कैसे लिया जाये विस्तार से जानकारी दी।






संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद अत्यआधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। डॉक्टर श्वेता चौधरी ने सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को हॉस्पिटल की सुविधाओं की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया अस्पताल की सेवाओं को जन समुदाय तक पहुंचाएं। सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों का पूर्ण सहयोग और समर्थन मिला। ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह व आशीष चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण वीर व ग्राम प्रधानों ने संतोष हॉस्पिटल की प्रशंसा और उज्जवल भविष्य की कामना की। संतोष हॉस्पिटल के द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का ग्राम प्रधानों ने बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। प्रधान मीटिंग को सफल बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह, आशीष चौधरी वरिष्ठ समाजसेवी, कृष्ण वीर वरिष्ठ समाजसेवी का विशेष योगदान रहा। संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद स्टाफ हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी, मार्केटिंग टीम के सदस्य सोनू भारती, सुमित कुमार, गुरदीप तेवतिया, कपिल शर्मा, अनुज सूद, के नेतृत्व में प्रधान मीटिंग का सफल आयोजन हुआ।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे तो नहीं रहते मगर कभी-कभी हो जाते हैं मैडम भंडारी के अंदाज भारी? जब हुई भगवा प्रवासियों की सूची घोषित? तब सोशल मीडिया पर कुछ इस तरह उन्होंने किया अपना आक्रोश जारी? जब नहीं देखा लिस्ट में उन्होंने किसी महिला का नाम? उन्होंने कहा या तो महिलाओं की है पार्टी में कमी या संगठन को नहीं दिखा कोई योग्य नाम? कहने वाले ने कहा बात कड़वी जरूर है मगर उन्होंने तर्क तो ठीक दिया है श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** तिरंगा शौर्य वाली यात्रा के अभी भी दिखाई दे रहे हैं इफैक्ट? तलाशने वाले तलाश रहे हैं भीड़ लाने वालों के फैक्ट? कहने वाले ने कहा कि कोई बारिकी से कर रहा है रिपोर्ट तैयार? इस रिपोर्ट पर जब हमारी नजर पड़ी? तब हमें हुए भगवा लक्ष्मण के नाम के दीदार? संख्या को लेकर कुछ दिया हुआ था देने वालों ने उनके नाम पर विचार? कहने वाले ने कहा सुगंध कुछ हमें नेगेटिव वाली आ रही थी? कुछ इस तरह की चर्चाएं सुनाई जा रही थीं?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि भगवा योद्धा के नेतृत्व में शौर्य यात्रा का कार्यक्रम ऐतिहासिक होने के साथ हुआ जोरदार? मगर जो स्वागत की भूमिका में खड़े थे, उन्हें बिना स्वागत के ही काम चलाना पड़ा यार? कहने वाले ने कहा नवयुग मार्किट के एक ऑफिस पर दो बड़े चेहरों के बीच में हुई थी स्वागत वाली बात पर बहुत ही तीखी तकरार? आवाज दोनों तरफ से थी लाउड? करने वालों ने कर दिया है तकरार वाली पूरी बात को आउट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक ओबीसी चेहरे अपना निवेदन लेकर गये थे संगठन के एक बड़े चेहरे के पास? उन्होंने लगाई थी इस चेहरे से मंडल की टीम में किसी चेहरे को नहीं रखने की अरदास? पता चला है प्रस्ताव रखने के बाद ओबीसी चेहरे को लौटना पड़ा निराश? सामने से आवाज आई, हम आपकी सभी बातों को मानने के लिए तैयार हैं? मगर इस बात को हम नहीं मान पायेंगे भाईसाहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे भगवा योद्धा की मीटिंग के आस-पास मौजूद? यहां पर बहुत ही क्रान्तिकारी दिख रहा था उनका वजूद? उन्होंने किया यहां पर किसी चेहरे का जिक्र? कहा ये चेहरा किसी को हटाने की कर रहा था फिक्र? हमने इस चेहरे से कर दिया स्पष्ट? अगर कोई हमारा व्यक्तिगत विरोधी है और पार्टी का काम बेहतर करता है? तो हम उसे बिल्कुल भी नहीं हटायेंगे? व्यक्तिगत मामलों को पार्टी के बीच में बिल्कुल भी नहीं लायेंगे?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको एक बात बता रहे हैं खास? भगवा योद्धा के दिल में जगह बना चुके हैं बहुत ही खास मिस्टर वेद वाले प्रकाश? सुना है इन्होंने तिरंगा यात्रा में भीड़ जुटाई है जोरदार? कहने वाले ने कहा आप सोच रहे होंगे कि हम कर रहे हैं खादी वालों की बात? तो यहां पर आपका आईडिया है बेकार? हम तो नीले से भगवा हुए वेदू भैया की कर रहे हैं बात? उन्होंने भीड़ जुटाकर भगवा योद्धा का दिल जीत लिया है साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे पार्टी की मीटिंग से बाहर? हमने मीटिंग में कान लगाए हुए थे बारीक? हम सुन रहे थे तिरंगा शौर्य यात्रा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों की हो रही थी तारीफ? कहने वाले ने कहा यहां पर भगवा चौपड़ा और क्रान्तिकारी युवा त्यागी की मेहनत का हो रहा था जिक्र? कहने वाले कह रहे थे आयोजन को सफल करने में दोनों ने की बहुत ज्यादा फिक्र? पांच जेसीबी से स्वागत करके भगवा मोनू ने बना दिया माहौल? कहने वाले ने कहा जिस हिसाब से शब्द सुनाई दे रहे हैं? लग रहा है दोनों को इस बार जरूर मिलेगा कोई ना कोई मजबूत रोल?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब ये सोच समझ कर हुआ या थी फिर कोई अनहोनी? सुना है इस वक्त चर्चा में है युवा मोर्चा के गुर्जर भैया की विधायक जी को मारी कोहनी? कहने वाले ने कहा कि उनकी कोहनी की वजह से विधायक जी नहीं भेद पाये महत्वपूर्ण वाला घेरा? चर्चा उस वक्त हो रही थी जब हुआ अगले दिन का सवेरा? कहने वाले कह रहे थे युवा गुर्जर नेता ने घेरे में किसी को नहीं घुसने देने का मजबूती से निभाया किरदार? मगर जो लगी है विधायक जी को कोहनी? उस पर अनहोनी वाली चर्चाएं सुनाई दे रही हैं बेशुमार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर बुलाने वालों ने अपने लंच पर भगवा कमिश्नरों के सरताज को भी बुलाया होता? सच बता रहे हैं उस वक्त जो हुआ था, वो ना हुआ होता? कहने वाले कह रहे थे कि भगवा कमिश्नरों के सरताज को इग्नोर करने की वजह से ही घटी है सारी कहानी? यूं ही 10 में से 10 अबसेंट नहीं हुए हैं? यहां पर है किसी को कुछ इग्नोर करने वाली कहानी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तो वर्क ऑर्डर ठीक से हुआ भी नहीं है जारी? हमारे भगवा मीडिया वाले चौधरी साहब ने खेलनी शुरू कर दी है प्रवासी वाली पारी? कहने वाले ने कहा हम उनके इस उत्साह को करते हैं सलाम? पहले ही दिन संभाल लिया उन्होंने मंडल में जाकर काम? देखना अगर भविष्य में मिली उनको मुख्य टीम में जगह? तो फिर मोड देंगे वो नदियों के रास्ते? कर देंगे एक धरती और आसमान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष यादव ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। संतोष यादव को बधाई शुभकामनाएं देने वालों का एक सैलाब आ गया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# आदमपुर में वायुसेना के जवानों के बीच पहुंचे पीएम मोदी

## 'हम घर में घुसकर मारेंगे, बचने का मौका भी नहीं देंगे...'

### हमारे ड्रोन और मिसाइलों ने पाक की नींद उड़ा दी: पीएम मोदी :

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भारतीय वायुसेना के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान में ऐसी कोई जगह नहीं जहां आतंकवादी छुप सकें, हम उन्हें घर में घुस कर मारेंगे और बचने का मौका नहीं देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मंगलवार सुबह अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे, तो एक तस्वीर सबसे अलग दिखी, जिसने पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को एक झटके में ध्वस्त कर दिया।

इस तस्वीर में प्रधानमंत्री मोदी भारतीय वायुसेना के जवानों की ओर हाथ हिलाते हुए दिख रहे थे, जबकि उनके पीछे मिग-29 जेट और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम बिल्कुल सही सलामत खड़े थे। इस तस्वीर का संदेश दोतरफा था- इसने न केवल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज किया कि उसके जेएफ-17 लड़ाकू विमान से दागी गई मिसाइलों ने आदमपुर में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की अटूट प्रतिबद्धता का भी संकेत दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल आतंकवादियों को बल्कि उन्हें समर्थन देने वाली पाकिस्तानी सेना को भी कड़ा जवाब देकर अपनी ताकत दिखाई है। पंजाब के आदमपुर एयरबेस में इंडियन एयर फोर्स के वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेना, भारत की वायु सेना और भारतीयों ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तानी सेना को यह भी दिखा दिया है कि पाकिस्तान में अब कोई जगह नहीं बची है जहां आतंकवादी बैठकर चैन की सांस ले सकें। हम घर



में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।'

उन्होंने भारत की आधुनिक सैन्य क्षमता की तारीफ की और पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा, 'हमारे ड्रोन, हमारी मिसाइलें- इनके बारे में सोचने मात्र से ही पाकिस्तान की कई दिनों तक नींद उड़ जाएगी।' पीएम मोदी ने कहा कि भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोबिंद सिंह जी भी धरती है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा था- 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। इसीलिए जब हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमने आतंकियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। वो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वो भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है वो हिंद की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया।9 आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए, 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अब एक ही अंजाम होगा - तबाही। भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा - विनाश और महाविनाश।'

पीएम मोदी ने भारतीय वायुसेना के जवानों से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है, देश को एकता के सूत्र में बांधा है और आपने भारत की सीमाओं की रक्षा

### ऑपरेशन सिंदूर ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है: पीएम

की है। आपने भारत के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने वो किया है, जो अभूतपूर्व है, अकल्पनीय है, अद्भुत है। उन्होंने कहा, 'कौशल दिखलाया चालों में, उड़ गया भयानक भालों में। निर्भीक गया वह ढालों में, सरपट दौड़ा करवालों में। ये पंक्तियां महाराणा प्रताप के प्रसिद्ध घोड़े चेतक पर लिखी गई थीं। लेकिन ये पंक्तियां आज के आधुनिक भारतीय हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। आपके पराक्रम की वजह से आज ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने में सुनाई दे रही है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खड़ा रहा। हर भारतीय की प्रार्थना आप सभी के साथ रही। आज हर देशवासी अपने सैनिकों, उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है, उनका ऋणी है।'

# अमृतसर के मजीठा में जहरीली शराब पीने से अब तक 17 लोगों की मौत

## सीएम मान पहुंचे, पीड़ित परिवारों को 10 लाख के मुआवजा का एलान

**अमृतसर।** पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत हो गई। यह पंजाब में तीन साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है।

मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान दोपहर बाद मजीठा पहुंचे और पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को 10 लख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही परिवार के बच्चों की पढ़ाई ओर अन्य सुविधाओं का ध्यान रखने का भी वायदा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है।

उन्हें बताया कि यह मेथेनॉल दिल्ली से मंगवाई गई थी, इसलिए जिन लोगों से इसकी सप्लाई आ रही थी उनको पकड़ने के लिए भी टीम में दिल्ली भेजी हुई है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पदार्फाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक्साइज और पुलिस के इंस्पेक्टर्स को भी सस्पेंड किया गया है और इन लोगों के पीछे किसी राजनीति या अन्य बड़े लोगों का हाथ था, उनका अभी पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

मान ने इस हादसे पर कहा कि मजीठा के आस पास के गांवों में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत की दुखद खबर मिली है। मासूम लोगों के इन हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ये मौतें नहीं, कत्ल हैं। जहरीली शराब से लोगों के घरों में मातम का माहौल बनाने वाले इन दोषियों को कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। मैं परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी।



### मुख्य सप्लायर परबजीत सिंह गिरफ्तार

एसएसपी अमृतसर मनिंदर सिंह ने बताया कि कल रात करीब 9 :30 बजे सूचना मिली कि नकली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है। हमने तुरंत कार्रवाई की और चार लोगों को हिरासत में लिया। हमने मुख्य सप्लायर परबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। हमने उससे पूछताछ की और किंगपिन सप्लायर साहब सिंह के बारे में पता लगाया। हमने उसे भी हिरासत में ले लिया है। हम इस बारे में जांच कर रहे हैं कि उसने किन-किन कंपनियों से यह शराब खरीदी है। आरोपियों में कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू (मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई), साहिब सिंह उर्फ सराय, निवासी मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह, निंदर कौर पत्नी जीता के तौर पर हुई है। हमें पंजाब सरकार की तरफ से सख्त निर्देश दिए गए हैं कि नकली शराब के सप्लायरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। छापेमारी जारी है। निमार्ताओं को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। सख्त धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। नागरिक प्रशासन और हम घर-घर जाकर पता लगा रहे हैं कि किसने नकली शराब पी है ताकि और लोगों की जान बचाई जा सके। 17 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 6 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना पांच गांवों में हुई।

### कई लोग गंभीर

वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है क्योंकि कई लोग गंभीर हैं। अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने कहा कि मजीठा में एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी हुई है। हमें 5 गांवों से रिपोर्ट मिली कि कल शराब पीने वाले लोगों की हालत गंभीर है। हमने अपनी मेडिकल टीमें भेजीं। हमारी मेडिकल टीमें अभी भी घर-घर जा रही हैं। लोगों में कुछ लक्षण हों या न हों, हम उन्हें अस्पताल ले जा रहे हैं ताकि हम उन्हें बचा सकें।

अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार हर संभव मदद कर रही है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मौतों का यह आंकड़ा न बढ़े...हमने आपूर्तिकताओं को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच चल रही है।

# जम्मू-कश्मीर के शोपियां में तीन आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए तीन आतंकियों में से दो की पहचान हो गई है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि मुठभेड़ में मारा गया शाहिद पुत्र मोहम्मद यूसुफ कुट्टे शोपियां के चोटिपोरा हीरपोरा का रहने वाला है।

शाहिद मार्च 08 मार्च, 2023 को लश्कर में शामिल हुआ था। शाहिद 08 अप्रैल, 2024 को डेनिश रिसॉर्ट में गोलीबारी की घटना में शामिल था, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और एक ड्राइवर घायल हो गए थे। वह 18 मई, 2024 को हीरपोरा, शोपियां में भाजपा सरपंच की हत्या में शामिल था। उस पर 03 फरवरी, 2025 को बेहिबाग, कुलगाम में टीए कर्मियों की हत्या में



शामिल होने का संदेह है।

इसके अलावा दूसरे आतंकवादी की पहचान अदनान शफी डार पुत्र मोहम्मद शफी डार निवासी वंडुना मेलहोरा, शोपियां के रूप में हुई है। यह 18 अक्टूबर, 2024 को लश्कर में शामिल हुआ था। इसपर 18 अक्टूबर, 2024 को वाची, शोपियां में प्रवासी मजदूर की हत्या में शामिल होने का आरोप है।

**क्यों महत्वपूर्ण है ये मुठभेड़? :** इस मुठभेड़ की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि यह घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने दो टूक कहा था कि भारत अब आतंकवाद का जवाब देने में किसी भेदभाव को स्वीकार नहीं करेगा। पीएम मोदी ने यह साफ किया था कि आतंकियों और उन्हें शह देने वालों के बीच अब कोई फर्क नहीं किया जाएगा। उनका यह बयान पहलगाम में हुई वीभत्स आतंकी घटना के बाद सामने आया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे जवाबी हमले भी किए थे। शोपियां की मुठभेड़ उस व्यापक अभियान का हिस्सा है जिसे सेना ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के तहत अंजाम देना शुरू किया है। इस ऑपरेशन का मकसद घाटी को आतंक के जाल से मुक्त करना है। हालात की गंभीरता को देखते हुए घाटी में कई स्थानों पर एक साथ सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। शोपियां के शुकरू केलर इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद ही मंगलवार सुबह यह अभियान शुरू किया गया था। वहीं, सोमवार शाम पाकिस्तान के एक ड्रोन के देखे जाने की घटना के बाद से सीमाई इलाकों की निगरानी और भी सख्त कर दी गई है।

फिलहाल पूरे शोपियां इलाके में सेना की भारी तैनाती है और ऑपरेशन अब भी जारी है। सुरक्षाबलों ने दो से तीन आतंकियों को घेर लिया है, जिन्हें जिंदा पकड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन ने आम लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

# सीबीएससी ने जारी किया 10वीं और 12वीं के छात्रों का रिजल्ट

## 10वीं के छात्रों का पास प्रतिशत 93.66 और 12वीं का पास प्रतिशत 88.39 रहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आज कक्षा 10वीं 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं का पास प्रतिशत 93.66% रहा है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आज कक्षा 10वीं 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थी अपना सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट 2025 आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं का पास प्रतिशत 88.39% रहा है। इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं का पास प्रतिशत 93.66% रहा है।

सीबीएसई बोर्ड 12वीं रिजल्ट 2025 में लड़कियों का पास प्रतिशत 91.64% रहा है। वहीं लड़कों का पास प्रतिशत लड़कियों से कम दर्ज किया गया है। कुल 85.70% लड़के पास




हुए हैं। ट्रांसजेंडर का पास प्रतिशत 100 फीसदी रहा है। इस वर्ष कुल 1704367 स्टूडेंट्स ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन किया था, जिसमें से कुल 1692794 स्टूडेंट्स परीक्षा में उपस्थित हुए थे। पास होने वाले कुल छात्रों की संख्या 1496307 है। सीबीएसई 12वीं में विजयवाड़ा रीजन का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है।

इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं में लड़कियों का पास प्रतिशत 95%रहा है तो वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 92.63%रहा है। ट्रांसजेंडर का पास प्रतिशत 95% रहा है। इस साल 2385079 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें से 2371939 विद्यार्थी एग्जाम में बैठे। एग्जाम में उपस्थित इन छात्रों में से 2221636 पास हुए हैं। सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 का आयोजन 15 फरवरी से लेकर 18 मार्च 2025 तक किया गया था। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के रिजल्ट में इस साल त्रिवेंद्रम के छात्रों का परिणाम सबसे बेहतर रहा है। यहां 99.79 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इसके बाद दूसरे विजयवाड़ा है, यहां छात्रों का पास प्रतिशत 99.79 रहा है।

इस साल सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 17,04,367 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### पीएम मोदी ने थपथपाई स्टूडेंट्स की पीठ



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने मंगलवार (13 मई 2025) को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। बोर्ड ने पहले 12वीं का और फिर 10वीं का रिजल्ट जारी किया। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा है, ह्लसीबीएसई कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षा पास करने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई! यह आपके दृढ़ संकल्प, अनुशासन और कड़ी मेहनत का नतीजा है। आज माता-पिता, शिक्षकों और अन्य सभी लोगों की भूमिका को स्वीकार करने का भी दिन है, जिन्होंने इस उपलब्धि में योगदान दिया है।

# आसमान से बरसेगी आग

## भीषण गर्मी के लिए हो जाएं तैयार, पारा जाएगा 40 पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कुछ दिनों से बारिश का दौर चल रहा था। इससे मौसम सुहावना बना रहा, लेकिन मई के मध्य से आसमान से आग बरसने वाली है। आने वाले दिनों में गर्मी का यह सितम और बढ़ने वाला है। पारा 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ेगा। आने वाले दिनों में यह स्थिति और भयावह हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 से पारा 40 के पार जा सकता है।

राजधानी में मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। साथ ही, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान लगातार सतही हवाएं 20-30 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी जो कभी-कभी 40 किमी प्रति घंटा तक बढ़ सकती है। ऐसे में अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 40 तथा 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। सोमवार को आसमान साफ रहा। ऐसे में सुबह से ही सूरज अपने तेवर दिखाने लगा था। ऐसे में लोग गर्मी से बेहाल दिखे। इस दौरान अधिकतम तापमान



सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आया नगर व लोधी रोड में 38.6 और पालम में 38.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रिज व आया नगर में 23.5 व पालम में 24.5 डिग्री दर्ज हुआ।

# शामली की सावी जैन ने देशभर में किया टॉप, 500 में से 499 अंक प्राप्त किए

**शामली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है और इस बार उत्तर प्रदेश के शामली जिले ने देशभर में नाम रोशन किया है। शामली की सावी जैन ने 500 में से 499 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉपर का खिताब अपने नाम किया है।

सावी शामली के मोहल्ला शिव चौक की निवासी हैं और स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं। अपनी इस सफलता पर सावी ने कहा- मेरी इस उपलब्धि के पीछे मेरे माता-पिता और शिक्षकों का बड़ा योगदान है। जब भी किसी विषय में उलझन होती थी, वे मेरा मार्गदर्शन करते और मेरा मनोबल बनाए रखते थे। सावी पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखते हुए हर विषय को गहराई से समझने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने बताया कि वे रोज पढ़ाई का एक निश्चित समय तय करती थीं और कठिन विषयों पर अतिरिक्त मेहनत करती थीं।



सावी जैन का लक्ष्य सिर्फ अच्छे अंक लाना नहीं है। उनका सपना है कि वे आगे चलकर सिविल सर्विस में जाएं और देश की सेवा करें। सावी जैन का कहना है कि मैं प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हूं ताकि जमीन से जुड़कर समाज के लिए काम कर सकूं। बता दें कि सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किए हैं। वह देशभर में सीबीएसई 12वीं की ऑल इंडिया टॉपर बनीं हैं। वह स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, शामली की छात्रा हैं। परिवार, स्कूल और शहर में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है।

इस बार 10वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल के छात्र धैर्य गर्ग 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने। 12वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सावी जैन ने कला वर्ग में 99.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद टॉपर बनने के साथ ही ऑल इंडिया स्तर पर रैंक एक पर रहकर जनपद का नाम रोशन किया। सावी ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान भरी जा सकती है।

# कर्नाटक : पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कावेरी नदी में तैरता मिला शव

**मैसूर।** पूर्व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाए गए हैं। शनिवार, 10 मई को कर्नाटक में कावेरी नदी के पास साईं आश्रम, श्रीरंगपट्टण में एक शव देखा गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और उसकी पहचान की।

### 7 मई से लापता थे डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन

डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन अपनी पत्नी के साथ मैसूर में रहते थे। उनकी दो बेटियां भी हैं। 7 मई से ही अय्यप्पन के लापता होने के बात सामने आई थी। अय्यप्पन का स्कूटर भी कावेरी नदी के किनारे मिली।

श्रीरंगपट्टण पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस उनकी मौत के कारणों का पता लगाएगी।

### डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन कौन थे?

डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन मशहूर





वैज्ञानिक ते जिन्हें 'नीली क्रांति' के लिए 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। अय्यप्पन ने मत्स्य पालन की ऐसी तकनीक विकसित की, जिसने पूरे भारत में मछली पालन करने के पुराने तरीकों को बदल दिया। उनके काम ने ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली लाई, खाद्य सुरक्षा मजबूत किया और तटीय तथा आंतरिक क्षेत्रीय उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा।

कर्नाटक के चामराजनगरके येलांडूर में 10 दिसंबर 1955 में अय्यप्पन का जन्म हुआ था। उन्होंने 1975 में बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस की पढ़ाई की। फिर 1977 में मास्टर ऑफ फिशरीज साइंस की डिग्री मंगलूरु से प्राप्त की। इसके बाद बेंगलुरु के कृषि विश्वविद्यालय से 1988 में पीएचडी की।

उनका करियर काफी लंबा रहा। वो मुंबई में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एजुकेशन और भुवनेश्वर में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर के निदेशक के तौर पर काम किए। इतना ही नहीं वो हैदराबाद के संस्थापक मुख्य कार्यकारी और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के अधिकारी भी रहे थे। उन्होंने कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव के पद पर भी काम किया। वे राष्ट्रीय परीक्षण एवं कैलिब्रेशन प्रयोगशालाओं के मान्यता बोर्ड के अध्यक्ष और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के कुलपति भी रहे।

